# अब तार और केबल क्षेत्र में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे अदाणी, आदित्य बिड़ला समूह

**नयी दिल्ली। ए।** अरबपति उद्योगपति गौतम अदाणी की अगुवाई वाला अदाणी समूह और कुमार मंगलम बिड़ला का आदित्य बिड़ला समूह सीमेंट के बाद अब तार एवं केबल कारोबार में आमने-सामने होने के लिए तैयार हैं। दोनों ही समूह दहाई अंकों की वृद्धि वाले इस क्षेत्र में उतरने की घोषणा कर चुके हैं। एक महीने से भी कम समय में दोनों समूहों ने तार और केबल क्षेत्र में उतरने की घोषणा की है। इन दोनों समूहों की प्रतिस्पर्धा की वजह से सीमेंट क्षेत्र की छोटी कंपनियां पहले ही काफी पीछे छूट गई हैं। वहीं तार और केबल उद्योग में असंगठित और छोटी कंपनियों का दबदबा है। दो बड़े समूहों के इस क्षेत्र में कदम रखने से तार और केबल उद्योग में प्रतिस्पर्धा तेज होने का अनुमान है। इस क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच राजस्व में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

### तार और केबल उद्योग में नए खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त जगह

वैश्विक ब्रोकरेज फर्म जेफरीज के मुताबिक, भारत में करीब 80,000 करोड़ रुपये का तार और केबल उद्योग (56,000 करोड़ रुपये केबल और 24,000 करोड़ रुपये तार) के पास 'आकर्षक अवसर' हैं।

जेफरीज के विश्लेषकों ने कहा, ''तार और केबल उद्योग में नए खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त जगह है, क्योंकि यह दहाई अंक में बढ. रहा है और उद्योग का 30 प्रतिशत हिस्सा अब भी असंगठित क्षेत्र के पास है। वर्ष 2028-29 में इस उद्योग का आकार 1,30,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा।

# हल्दीराम में हिस्सेदारी खरीदेगी सिंगापुर की कंपनी टेमासेक

## टेमासेक ने हल्दीराम में 10% हिस्सेदारी खरीदने का किया ऐलान, 8500 करोड़ रुपये के निवेश से हल्दीराम को होगा विस्तार का मौका




**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** सिंगापुर आधारित इन्वेस्टमेंट फर्म टेमासेक ने हल्दीराम में माइनॉरिटी हिस्सेदारी खरीदने के लिए इक्विटी समझौता किया है। कंपनी द्वारा रविवार को जारी की गई प्रेस रिलीज में यह जानकारी दी गई। इसे भारत के कंज्यूमर सेक्टर की सबसे बड़ी प्राइवेट इक्विटी डील माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक टेमासेक हल्दीराम स्नैक्स फूड में करीब 10% हिस्सेदारी खरीदेगी। इसके लिए टेमासेक करीब 8500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इस हिसाब से हल्दीराम की वैल्यूएशन 10 अरब डॉलर आंकी गई है। सूत्रों के अनुसार, हल्दीराम कंपनी इस रकम का इस्तेमाल विस्तार के लिए करेगी। प्रमोटर्स इस रकम को अपने पास नहीं रखेंगे। हल्दीराम में टेमासेक का दस फीसदी हिस्सेदारी खरीदना भारत के उभरते हुए कंज्यूमर क्षेत्र को दिखाता है। टेमासेक लंबे समय से भारत के कंज्यूमर और फूड सेक्टर में एक सक्रिय निवेशक है। 31 मार्च 2024 तक, कंपनी का नेट पोटर्फोलियो 288 अरब डॉलर का था। कंपनी द्वारा बताया गया कि उसने हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड में मौजूदा शेयरधारकों से इक्विटी हिस्सेदारी खरीदने के लिए एक समझौता किया है। यह लेनदेन रेगुलेटरी अप्रूवल के अधीन है और इसके जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है।

### हल्दीराम को मिलेगा फायदा

टेमासेक के साथ आने से हल्दीराम को भी फायदा होगा। कंपनी अपने प्रोडक्ट्स को देश बाहर और आसानी से बेच पाएगी। साथ ही कंपनी उन देशों में भी अपनी मौजूदगी बना सकती है, जहां अभी वह नहीं है। हल्दीराम की रणनीतिक साझेदार बन चुकी अब टेमासेक सिर्फ पैसा ही नहीं लगाएगी, बल्कि हल्दीराम को आगे बढ़ाने में भी मदद करेगी। साथ ही हल्दीराम को बिजनेस के नए तरीके भी सिखाएगी। हल्दीराम 5-6 प्रतिशत और हिस्सेदारी बेचने के लिए भी एडवांस्ड-स्टेज की बातचीत कर रहा है, जो लगभग 500 मिलियन डॉलर (50 करोड़ डॉलर) में होगी।

**हल्दीराम देश की सबसे बड़ी फूड चेन में से एक :** हल्दीराम देश की सबसे बड़ी फूड चेन में से एक है। इसकी स्थापना 1937 में हुई थी। कंपनी अपने नमकीन, स्नैक्स, मिठाइयों और पैकेज्ड फूड्स के लिए प्रसिद्ध है। भारत के साथ कंपनी का कारोबार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैला हुआ है। राजस्थान के बीकानेर में गंगा बिशन अग्रवाल ने 1937 में एक खुदरा मिठाई और नमकीन की दुकान के रूप में हल्दीराम की शुरुआत की थी।

## न्यूज डायरी




### गेल को मिलेगी कतर एनर्जी से एलएनजी की आपूर्ति

**नयी दिल्ली। ए।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड का कतर एनर्जी ट्रेडिंग से पांच साल के लिए 12 कार्गो सालाना का करार अगले महीने से लागू होने जा रहा है। गेल को इस करार के तहत कतर एनर्जी ट्रेडिंग से तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) मिलेगी, जिससे वह दुनिया की सबसे तेजी से बढ.ती अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करने के लिए बेहतर स्थिति में होगी। गेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संदीप कुमार गुप्ता ने कहा, ''सौदे के तहत खरीद अप्रैल से शुरू होगी।'' गेल ने पिछले साल दिसंबर में कतर एनर्जी ट्रेडिंग को अप्रैल, 2025 से पांच साल की अवधि के लिए सालाना 12 कार्गो खरीदने के लिए एलएनजी खरीद निविदा दी थी।

### आयकर विभाग ने इंडिगो पर 944 करोड़ का जुर्माना लगाया

**नयी दिल्ली। ए।** आयकर विभाग ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इंडिगो ने जुर्माना आदेश को 'गलत' बताते हुए कहा है कि वह इसे चुनौती देगी। यह आदेश देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को शनिवार को मिला। इंडिगो ने रविवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि आयकर विभाग (आयकर प्राधिकरण) की आकलन इकाई ने आकलन वर्ष 2021-22 के लिए 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया है। एयरलाइन ने कहा कि यह आदेश इस गलत समझ के आधार पर पारित किया गया है कि कंपनी द्वारा आयकर आयुक्त (अपील) (सीआईटी (ए)) के समक्ष धारा 143 (3) के तहत आकलन आदेश के खिलाफ दायर अपील खारिज कर दी गई है, जबकि अभी यह मामला लंबित है और इसपर निर्णय आना है।

### एजीईएल की ऊर्जा परिचालन क्षमता 14,217.9 मेगावाट हुई

**नयी दिल्ली। ए।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने रविवार को गुजरात के खावड़ा में 480.1 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का संचालन शुरू कर दिया। इसके साथ ही कंपनी की कुल परिचालन क्षमता बढ.कर 14,217.9 मेगावाट हो गई है। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि एजीईएल ने अपने पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से 30 मार्च को इन परियोजनाओं से बिजली उत्पादन शुरू किया।

# पीएम ने लोइटर म्यूनिशन टेस्ट रेंज और मेल यूएवी रनवे टेस्ट सुविधा का किया उद्घाटन

### कहा- मानव रहित हवाई प्रणालियों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा



**नागपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर की अपनी यात्रा पर सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) नागपुर में अपने दिन के कार्यक्रम को मूर्तरूप दिया। एसडीएएल हेलीपैड पर सत्यनारायण नुवाल, अध्यक्ष और राघव नुवाल ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। वहाँ से उन्हें तकनीकी क्षेत्र में ले जाया गया जहाँ प्रधानमंत्री ने लोइटर म्यूनिशन टेस्ट रेंज का उद्घाटन किया। 1080 एकड़ में फैले इस टेस्ट रेंज में एक समर्पित कमांड और कंट्रोल सेंटर, यूएवी टेक ऑफ एरिया, एंड्योरेंस और कम्युनिकेशन रेंज चेक सुविधा, पैराशूट रिकवरी एरिया, स्टैटिक और मूविंग टारगेट एंगेजमेंट, टारगेट हिट और सीईपी माप, वॉरहेड लेथैलिटी टेस्ट सुविधा और बहुत कुछ है। इसके बाद प्रधानमंत्री ने उत्पाद गैलरी का दौरा किया, जहां एसडीएएल ने अपने उत्पादों जैसे पिनाका रॉकेट सिस्टम, एयर-बम, माइंस, ग्रेनेड, सैन्य विस्फोटक, एटीजीएम, नागास्त्र 1 और 2 लोइटर म्यूनिशन आदि का प्रदर्शन किया।

इसके बाद प्रधानमंत्री को नवनिर्मित हवाई पट्टी पर ले गए, जहां उनका स्वागत एसडीएएल के एमडी और सीईओ मनीष नुवाल ने किया। इसके बाद उन्होंने मेल/हेल श्रेणी के मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) के विकास और परीक्षण के लिए 1.27 किलोमीटर लंबे नए रनवे सुविधा के उद्घाटन के लिए पट्टिका का अनावरण किया। सोलर ने मेल यूएवी विकसित करने के लिए एक बड़ी पहल की है और भारतीय वायुसेना को एक स्वतः प्रस्ताव पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है, जो विचाराधीन है। प्रधानमंत्री ने अत्याधुनिक स्वदेशी रूप से विकसित प्रणालियों जैसे लोइटर म्यूनिशन (नागास्त्र 3), भार्गवस्त्र (माइक्रो-मिसाइल आधारित काउंटर ड्रोन सिस्टम) और भौमास्त्र (माइन डिटेक्शन एंड डिस्पोजल सिस्टम) का प्रदर्शन भी देखा।

सोलर ग्रुप, नागपुर के सभी 10,000 कर्मचारियों के लिए यह गर्व और प्रेरणादायक क्षण था कि वे अपनी कंपनी के इतिहास में इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर के साक्षी बने, जहाँ प्रधानमंत्री उनके बीच थे। एसडीएएल समूह प्रबंधन की 3 पीढ़ियों सत्यनारायण नुवाल, अध्यक्ष, मनीष नुवाल सीईओ और प्रबंध निदेशक और राघव नुवाल द्वारा प्रधानमंत्री को एक भावनात्मक विदाई दी गई।

# यात्री वाहन टायर का उत्पादन चेन्नई से शुरू करेगी मिशेलिन

**क्लेरमोंट-फेरां (फ्रांस)। ए।** फ्रांस की टायर विनिर्माता कंपनी मिशेलिन इस साल अपने चेन्नई संयंत्र से स्थानीय स्तर पर उत्पादित यात्री वाहन टायर पेश करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ कार्यकारी ने यह जानकारी दी। इसके अलावा कंपनी की विभिन्न क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को बढ.ने की भी योजना है। क्लेरमोंट-फेरां स्थित समूह के दुनियाभर में 86 टायर विनिर्माण कारखाने हैं।

## पीसी ज्वेलर का कर्ज-मुक्त कंपनी बनने का लक्ष्य

**नयी दिल्ली। ए।** आभूषण विक्रेता पीसी ज्वेलर लिमिटेड ने इस वित्त वर्ष में अपने बैंक कर्ज को आधे से अधिक घटाकर लगभग 1,800 करोड़ रुपये कर दिया है। कंपनी ने बेहतर बिक्री एवं धन जुटाकर अगले साल मार्च तक कर्ज मुक्त होने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के प्रबंध निदेशक बलराम गर्ग ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''चालू वित्त वर्ष के अंत तक हमारा बैंक ऋण घटकर 1,775 करोड़ रुपये रह जाने की उम्मीद है। हम अपने बैंक कर्ज को और कम करने और मार्च, 2026 तक ऋण मुक्त होने का लक्ष्य बना रहे हैं।'' सोने और चांदी के आभूषण बेचने वाली पीसी ज्वेलर के 15 राज्यों में 55 शोरूम हैं।

## गुमशुदा



कनतला ठाकुर (67 वर्ष) पति स्व. तुलेश्वर सिंह ठाकुर

अपने घर अमलेश्वर, पेट्रोल पम्प के सामने से ऑटो (नीले सफेद) इलेक्ट्रिक ऑटो में बैठकर कहीं चली गई है, जिस किसी ऑटोचालक ने इन्हें बैठाया है, उनसे अनुरोध है कि इनको कहा उतारा गया है ये बताने की कृपा करे! जानकारी देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा!

पुत्र- शेखर ठाकुर 9009753698
पुत्र- टीकम ठाकुर 9826166558
पड़ोसी - सूरज जैन 9993681414
पड़ोसी- ऋषभ जैन 9977137320
पड़ोसी- सागर जैन 9981707800

# होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट में ब्रांडेड गारमेंट सेल का बढ़िया कलेक्शन

## 80 फीसदी तक की छूट, आज है अंतिम दिन



**रायपुर।** ब्रांडेड रेडिमेड गारमेंट्स एवं शूज के इंटरनेशनल क्वालिटी के गारमेंट्स को एक्सपोर्ट करने वाली नामांकित कंपनी का सेल होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट रायपुर में शुरू हो गया है। यहां सभी ब्रांडेड गारमेंट्स एवं फुटवियर पर 80 फीसदी तक की छूट दी जा रही है। सेल का कल 31 मार्च को अंतिम दिन है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के सामने लगे इस सेल के बारे में आयोजकों ने बताया कि यहां लेडिस, जेंट्स और किड्स के लिए ब्रांड जींस, ट्राउजर, पार्टीवियर शर्ट, चिनोज पैंट, टी शर्ट्स, जैकेट्स, ब्लेजर्स, लेडिज टॉप, प्लाजो, सूट, फ्रॉक, लेडिज पेंट, जींस पेंट, कुर्ती, लेडिस ऑफिसवियर, वेस्टर्न मेन्स वियर, लेडिज वियर, किड्स वियर हैं। इनकी कीमतें अविस्मरणीय रखी गई है। सेल में जैकेट और ब्लेजर की विस्तृत रेंज है, साथ ही फुटवियर की स्पेशल रेंज भी है। पुरूषों के लिए ब्रांडेड जींस 1500 रुपए, लेडिस ब्रांडेड जीन्स 600 रुपए, शर्ट 600 से 800 रुपए, लेडिस मिक्स गारमेंट्स 300 से 600 रुपए, किड्स गारमेंट्स 300 से 600 रुपए, लेडिज कुर्ती 600 रुपए, मेंस शर्ट 1200 रुपए की कीमत पर हैं। मेंस शूज जैसे बेनेटन, रेमंड, ब्रॉन्ग, मिक्स ब्रांड की शूज 800 रुपए से लेकर 1800 रुपए तक है। 35 काउंटर्स पर 30 हजार से ज्यादा गारमेंट्स का फेस्टिव कलेक्शन है।

## घरों की नई आपूर्ति 34% गिरकर 81,000 पर

**नयी दिल्ली। ए।** इस साल जनवरी-मार्च की अवधि में देश के शीर्ष नौ शहरों में आवासीय संपत्तियों की नई आपूर्ति 34 प्रतिशत घटकर 80,774 इकाई रह गई। प्रॉपइक्विटी ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एक साल पहले की समान अवधि में 1,22,365 आवासीय इकाइयों की पेशकश की गई थी। रियल एस्टेट आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली फर्म प्रॉपइक्विटी की रिपोर्ट कहती है कि नई इकाइयों की आपूर्ति बेंगलुरु को छोड़कर बाकी सभी बाजारों में घटी है।

**GUJARAT INDUSTRIES POWER COMPANY LTD.**
**Tender for Biennial Rate Contract (BRC) of Control & Instrumentation (C&I) System at Surat Lignite Power Plant (SLPP) for 2025-27**

Interested bidders may submit their Bids on two-part basis through website **https://tender.nprocure.com (Tender ID is 169351).** The last date of submission of bid is **30.04.2025 up to 17:30 hrs.** Tender can also be viewed from Company's website **www.gipcl.com.**

ADDL. GENERAL MANAGER (O&M)-SLPP

**कार्यालय जिला पंचायत बस्तर, जगदलपुर**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

- दसरा पसरा, जगदलपुर, जिला- बस्तर अंतर्गत निर्मित **Exhibition Area/Hall and Additional Rooms** को किराये में देने के लिए निर्धारित निविदा फार्म एवं प्रपत्र में दिनांक 28.03.2025 से दिनांक 11.4.2025 तक निविदा आवेदन आमंत्रित किया जाता है.

विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में जिला पंचायत बस्तर से प्राप्त की जा सकती है. निविदा के प्रपत्र जिला प्रशासन के वेबसाईट https;//bastar.gov.in/en/notice_category/tenders/ पर उपलब्ध है. निविदा दिनांक 11.04.2025 को समय सायं 05 बजे कार्यालय- जिला पंचायत बस्तर में खोला जावेगा एवं प्री बिड मीटिंग दिनांक 05.04.2025 को समय दोपहर 12.00 कार्यालय जिला पंचायत बस्तर सभा कक्ष में आहूत की गई है.

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत बस्तर

संवाद 43382

**MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
जागृति विहार, बुर्ला - 768 020, जिला - सम्बलपुर, ओडिशा
दूरभाष (ईपीएबीएक्स) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : http://www.mahanadicoal.in

**सूचना**

सामानों, कार्यों एवं सेवाओं के क्रय हेतु सीआईएल एवं इसकी सहायक कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**/संबंधित सहायक कंपनी (एमसीएल, **www.mahanadicoal.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी ये क्रय उपलब्ध है।

R-5245

**जना स्माल फाइनेंस बैंक**
(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालय: द फेयरवे, ग्राउंड व प्रथम तल, सर्वे क्र. 10/1, 11/2 व 12/2B, ऑफ डोमलूर, कोरामंगला इनर रिंग रोड, EGL बिजनेस पार्क के आगे, चल्लाघट्टा, बैंगलुरु- 560071. ब्रांच आफिस : मलय हाइट्स, प्रथम तल, IDBI बैंक के ऊपर, RBI के सामने, महादेवघाट रोड, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.)- 492001

**SARFAESI Act, 2002 की धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस**

जैसा कि आपने यानि नीचे उल्लेखित कर्जदारों, सह-कर्जदारों, गारंटर्स तथा गिरवाकर्ताओं ने अपने अचल संपत्तियों को गिरवी रखकर जना स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड से लोन प्राप्त किये थे. आप लोगों के द्वारा किये गये डिफाल्ट के परिणाम स्वरुप, आपके लोन एकाउंट को नान-परफार्मिंग एसेट के रुप में वर्गीकृत किया गया है, जैसा कि जना स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने अधिनियम के तहत सेक्यूर्ड क्रेडिटर होते हुए, तथा अधिनियम की धारा 13(2), सह पठित, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 2 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **डिमांड नोटिस** जारी किया था, यह नोटिस कालम सं. 2 में उल्लेखित अनुसार कर्जदारों/ सह कर्जदारों/ गारंटर्स/ गिरवीकर्ताओं को नोटिस में उल्लेखित राशि को, इस पर आगे का ब्याज सहित नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर पटाने बाबत जारी किये गये थे, परंतु विभिन्न कारणों से नोटिस उनमें से कुछ तक नहीं पहुंच सका.

| अनु क्र. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर/ गिरवीकर्ता का नाम | लोन एकाउंट नं. व लोन राशि | लागू होने वाले सुरक्षा (Security) का विवरण | NPA की तिथि व डिमांड नोटिस की तिथि | देय राशि रु. में/ तिथि को |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1) श्री दीपक पटेल पिता गजेन्द्र पटेल, स्वर्गवासी होने के बाद इनके LR, ए) मि. गजेन्द्र कुमार पिता विजय कुमार, बी) श्रीमती संतोषी बाई पति गजेन्द्र कुमार के द्वारा प्रतिनिधित्व 2) श्री गजेन्द्र कुमार पिता विजय कुमार 3) श्रीमती संतोषी बाई पति गजेन्द्र कुमार | लोन एकाउंट नं. 45089430000352 व 45089410001001 लोन राशि रु. 9,10,000/- | अचल संपत्ति :- आबादी भूमि खसरा नं. 209 (हिस्सा) वाली भूमि के सभी हिस्सा तथा पार्सल, एरिया का कुल माप 125 वर्गमीटर्स, इस पर निर्माण सहित एक साथ, ग्राम डिडगा (Didga) में स्थित, P.H. नं. 60/42, ग्राम पंचायत डिडगा की सीमा के भीतर, R.N.M.- पाटन, तहसील पाटन, जिला- दुर्ग (छ.ग.). सीमाएं : पूर्व- रोड, पश्चिम- तोरन, उत्तर- रोड तथा दक्षिण- सुदर्शन | 01.02.2025 व 24.03.2025 | रु. 3,36,772.62 (रुपये तीन लाख छत्तीस हजार सात सौ बहत्तर एवं बायसठ पैसे मात्र) दिनांक 13.03.2025 की तिथि को |

अतः कालम नं. 2 में उल्लेखित अनुसार कर्जदार/ सह-कर्जदार/ गारंटर व गिरवीकर्ता को नोटिस दी जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन के **60 दिनों** के भीतर, सभी संबंधित कर्जदार/ सह-कर्जदार के विरुद्ध कालम नं. 6 में दर्शाए अनुसार कुल राशि का भुगतान कर देवें जैसा कि कालम नं. 6 में दिखाई गई तिथि को, संबंधित लोन एकाउंट के संबंध में, उल्लेखित राशि को भुगतान करने के योग्य पाया गया है. यह स्पष्ट है कि यदि, कुल राशि का, आगे का ब्याज तथा अन्य राशि सहित, जो भुगतान के योग्य हो सकता है, भुगतान की तिथि तक पटाये नहीं जाते हैं तो **जना स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**, कालम नं. 4 में विवरणित अनुसार संपत्तियों पर सेक्युरिटी इन्ट्रेस्ट को लागू करने के लिये, समुचित कार्रवाई करने के लिये बाध्य होगी. कृपया यह नोट कर लेवें कि इस प्रकाशन को, ऐसे अधिकारों तथा रिमेडीज पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, बनाया गया है जो कानून के तहत, उल्लेखित वित्तीय के कर्जदारों/ गारंटर्स / गिरवीकर्ताओं के विरुद्ध **'जना स्माल फाइनेंस लिमिटेड'** के पास उपलब्ध हैं, आपको आगे भी इस बात पर ध्यान देने का अनुरोध किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के अनुसार, सेक्यूर्ड क्रेडिटर की पूर्व सहमति के बिना आपको उपरोक्त सेक्यूरिटी के साथ निपटान या लेन-देन करने अथवा सेक्यूर्ड संपत्ति की बिक्री, लीज या अन्य माध्यम से हस्तांतरण करने से प्रतिबंधित/वंचित किया गया है.

**दिनांक: 31.03.2025, स्थान- रायपुर** | **हस्ताक्षरित/- प्राधिकृत अधिकारी के लिये जना स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

